क्रम-संख्या–67(ठ)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०डब्लू०/एन०पी०–91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 26 मार्च, 2021

चैत्र 5, 1943 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस) अनुभाग–6

———

संख्या 402 पी/छः-पु-6–2021-02विविध-2020

लखनऊ, 26 मार्च, 2021

———

अधिसूचना

सा0प0नि0–50

उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल अधिनियम, 2020 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 सन् 2020) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल का गठन, उसके सदस्यों की नियुक्तियों, भर्तियों उसके अधीक्षण, प्रशासन, अभिनियोजन तथा उनकी शक्तियों आदि को विनियमित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं :-

उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल नियमावली, 2021

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1- (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल नियमावली, 2021 कही जायेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य में होगा।

(3) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषायें

2- जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में -

(1) (क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल अधिनियम, 2020 से है;

(ख) अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक/समादेष्टा, अपर पुलिस अधीक्षक/उप समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक/ सहायक समादेष्टा का तात्पर्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के मुख्यालय, सेक्टर कार्यालयों एवं वाहिनियों में नियुक्त पुलिस अधिकारियों से है;

(ग) 'नियुक्ति प्राधिकारी' का तात्पर्य निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के मामलों में पुलिस उपमहानिरीक्षक से और मुख्य आरक्षियों तथा आरक्षियों और चतुर्थ श्रेणी (समूह 'घ') के मामलों में यथास्थिति पुलिस अधीक्षक या समादेष्टा से है;

(घ) 'भारत का नागरिक' का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है जो भारत का संविधान के भाग-दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाये ;

(ङ) पुलिस महानिदेशक का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश

पुलिस बल के प्रमुख के रूप में नियुक्त व्यक्ति से है;

(च) 'अधिष्ठान' का तात्पर्य शैक्षिक, वाणिज्यिक तथा मनोरंजन सम्बन्धी प्रयोजनों हेतु कार्य करने वाले किसी संगठन के मामलों में प्रयुक्त किये जा रहे भवन, भू-गृहादि या परिसर से है;

(छ) 'बल' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल से है;

(ज) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है;

(झ) 'राज्यपाल' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल से है;

(ञ) 'विभागाध्यक्ष' का तात्पर्य, सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के प्रमुख के रूप में नियुक्त अधिकारी से है;

(ट) 'उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय' का तात्पर्य यथास्थिति पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल या अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष सुरक्षा बल उत्तर प्रदेश के अधीन कार्यरत मुख्यालय से है;

(ठ) 'औद्योगिक उपक्रम' का तात्पर्य किसी अनुसूचित उद्योग (उद्योग विकास और विनियमन अधिनियम, 1951 की धारा 3 में यथापरिभाषित) से सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित किसी उपक्रम से है, जिसमें किसी अन्य उद्योग या किसी व्यापार, व्यवसाय या सेवा में संलग्न कोई उपक्रम सम्मिलित है जो संसद या राज्य विधान मण्डल द्वारा विधि के माध्यम से विनियमित हो;

(ड) 'प्रतिष्ठापन' का तात्पर्य किसी संगठन के मामले में प्रयुक्त किये जा रहे किसी मूर्ति, स्मारक, भवन, भू-गृहादि या परिसर से है, जिसमें कार्यालय, सम्बद्ध भवन, आवासीय क्षेत्र और उस भू-गृहादि या परिसर में विद्यमान उस संगठन की सम्पत्ति सम्मिलित है ;

(ढ) 'बल का सदस्य' का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है जो बल में नियुक्त हो;

(ण) 'निजी' का तात्पर्य ऐसे किसी प्रतिष्ठान या अधिष्ठान से है जो केन्द्रीय या राज्य सरकार या उनके अभिकरणों से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा नियंत्रित या व्यवस्थित हो;

(त) 'चयन समिति' का तात्पर्य सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये अभ्यर्थियों के चयन हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा गठित 'चयन समिति' से है;

(थ) 'अधीनस्थ अधिकारी' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो बल में निरीक्षक या उप निरीक्षक रैंक में नियुक्त हो;

(द) 'मौलिक नियुक्ति' का तात्पर्य संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और प्रवृत्त नियमों के अनुसार चयन द्वारा की गयी हो और कोई नियम न होने की स्थिति में तत्समय प्रवृत्त **किन्हीं** कार्यकारी शासनादेशों के अनुसार स्थापित प्रक्रियाओं के अधीन की गई हो;

(ध) बल के किसी अधिकारी के सम्बन्ध में 'पर्यवेक्षण अधिकारी' का तात्पर्य ऐसे किसी रैंक के अधिकारी से है, जो ऐसे अधिकारी के रैंक से उच्चतर रैंक के रूप में विहित हो;

(न) 'अवर अधिकारी' का तात्पर्य ऐसे किसी मुख्य आरक्षी से है, जो बल में अर्दली हवलदार, लाइन पुलिस हवलदार, हवलदार क्वार्टर मास्टर तथा टीम हवलदार मेजर के रूप में तैनात हो;

(य) 'उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड' का तात्पर्य शासनादेश संख्या- 1256/6-पु-10-2008-27(7)/08 द्वारा भर्ती एवं प्रोन्नति के लिए गठित बोर्ड से है;

(र) 'उत्तर प्रदेश प्रादेशिक सशस्त्र रक्षीदल' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्तीय प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी ऐक्ट, 1948 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश राज्य के बल से है;

(ल) 'उत्तर प्रदेश पुलिस' का तात्पर्य पुलिस अधिनियम, 1861 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश राज्य के बल से है;

(व) 'भर्ती का वर्ष' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली 12 मास की अवधि से है;

(श) इस नियमावली में प्रयुक्त और अपरिभाषित किन्तु भारतीय दण्ड संहिता, 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973, पुलिस अधिनियम, 1861, **संयुक्त प्रान्तीय** प्रादेशिक **आर्म्ड कान्स्टेबुलरी ऐक्ट**, 1948 तथा प्रादेशिक सशस्त्र रक्षीदल मैनुअल में परिभाषित शब्दों एवं पदों के वही अर्थ होंगे जो उनमें क्रमशः उनके लिये समनुदेशित हैं।

बल का गठन

3—राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 3 के उपबंध के अनुसार एक बल का गठन किया जायेगा तथा उसका अनुरक्षण किया जायेगा जिसे उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल कहा जायेगा।

बल का ढांचा और उसकी

4—(1) बल के गठन के अन्तर्गत उसका मुख्यालय, सेक्टर कार्यालय तथा वाहिनियां होगी। वाहिनी का गठन एक प्राथमिक इकाई पर आधारित होगा जिसे 'टीम'

कहा जायेगा। वाहिनी मुख्यालय स्तर पर आवश्यक कृत्यों का निष्पादन करने के लिए विभिन्न पदों पर कुल सदस्य संख्या के अतिरिक्त किसी वाहिनी में सामान्य तथा विशेष टीमें होंगी, सुरक्षा टीम, व्यक्तिगत सुरक्षा टीम, क्यू0आर0टीम, प्रशिक्षण रिजर्व टीम एवं वाहिनी ड्यूटी टीम सामान्य टीमों के अधीन होंगी जबकि बी0डी0डी0एस0 (बम्ब डिटेक्शन एण्ड डिस्पोज़ल स्क्वाड)/डाग स्क्वाड टीम, एण्टी सबोटाज चेक टीम, स्नाइपर एवं एम0टी0 (मोटर परिवहन) खण्ड विशिष्ट टीमों के अधीन होंगे। संरचना

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ होने पर प्रथम चरण में 5 वाहिनियों का गठन किया जायेगा और अग्रतर ऐसी वाहिनियां गठित की जायेंगी जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाय। बल के मुख्यालय का गठन उसी प्रकार से किया जायेगा जैसा की नियम 7 में विहित है।

(3) **यथा पूर्वोक्त के सिवायः-**

(क) उक्त बल के किसी वाहिनी के पर्यवेक्षण अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा सदस्यों की संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जैसा कि राज्य सरकार, विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत और पुलिस महानिदेशक द्वारा संस्तुत प्रस्ताव पर विचार करने के पश्चात अपेक्षानुसार समय-समय पर अनुमोदित किया जाय।

(ख) समादेष्टा/कार्यालयाध्यक्ष परिचालनात्मक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए विभागाध्यक्ष के अनुमोदन से अभिनियोजन के प्रयोजनार्थ विभिन्न टीमों के पदों और उनकी संख्या में परिवर्तन कर सकता है।

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुये छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे स्थगित रख सकती हैं, जिसके लिए किसी व्यक्ति के पास किसी प्रकार के उपचार या प्रतितोष का अधिकार नहीं होगा।

(घ) राज्य सरकार, बल के प्रभावी संचालन हेतु ऐसे किसी स्थाई और /या अस्थाई पदों का सृजन कर सकती है जैसा कि वह उचित समझे।

5—बल की संरचना और सदस्यों की श्रेणीवार संख्या वही होगी जैसा कि नियम 5 में विहित है। बल के सदस्य विभिन्न श्रेणियों के रैंको में होंगे, जैसा कि नीचे उल्लिखित हैः- बल की संरचना

(1) **राजपत्रित अधिकारी**

(क) अपर पुलिस महानिदेशक
(ख) पुलिस महानिरीक्षक
(ग) पुलिस उप महानिरीक्षक
(घ) पुलिस अधीक्षक/समादेष्टा
(ड़) अपर पुलिस अधीक्षक/उप समादेष्टा ; और
(च) पुलिस उपाधीक्षक/सहायक समादेष्टा /सैन्य सहायक

(2) **अराजपत्रित अधिकारी**

(क) कार्यकारी बल

(एक) शिविरपाल, विशेष सुरक्षा बल (मुख्यालय हेतु)
(दो) निरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल
(तीन) सूबेदार शिविरपाल/सूबेदार सैन्य सहायक, विशेष सुरक्षा बल
(चार) उपनिरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल
(पांच) मुख्य आरक्षी, विशेष सुरक्षा बल ; और
(छः) आरक्षी, विशेष सुरक्षा बल

(ख) सहायक कर्मचारिवृंद

(1) **लिपिकीय संवर्ग**

(एक) पुलिस उप निरीक्षक (लिपिक वर्गीय)
(दो) पुलिस उप निरीक्षक (लेखा)
(तीन) पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)
(चार) पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक वर्गीय)
(पांच) सहायक पुलिस उप निरीक्षक (लेखा)

(2) **मोटर परिवहन संवर्ग**

(एक) उपनिरीक्षक, मोटर परिवहन
(दो) मुख्य आरक्षी, मोटर परिवहन
(तीन) आरक्षी चालक ; और
(चार) आरक्षी डिस्पैच राइडर

(3) **आरमोरर/ बिगुलर संवर्ग**

(एक) मुख्य आरक्षी आरमोरर
(दो) आरक्षी आरमोरर ; और
(तीन) आरक्षी बिगुलर

(4) **चतुर्थ श्रेणी (समूह 'घ')**

(5) **रेडियो शाखा**

(एक) रेडियो निरीक्षक
(दो) रेडियो केन्द्र/अनुरक्षण अधिकारी
(तीन) प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक)
(चार) सहायक परिचालक
(पांच) कार्यशाला सहायक; और
(छः) संदेश वाहक

(6) **अस्पताल शाखा**

(एक) चिकित्सा अधिकारी
(दो) फार्मासिस्ट
(तीन) नर्सिंग सहायक; और
(चार) चतुर्थ श्रेणी (समूह 'घ')

वेतन

6—बल के सदस्य ऐसा वेतन और भत्ते आहरित करेंगे जैसा कि उत्तर प्रदेश प्रादेशिक सशस्त्र रक्षीदल के समतुल्य रैंकों के सदस्यों को, समय-समय पर विहित किये जाते हैं या जैसा कि उनके मूल विभाग में संदेय हों।

बल का मुख्यालय

7—बल का मुख्यालय लखनऊ में होगा। प्रथम चरण में बल की 05 वाहिनियां गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, मथुरा तथा सहारनपुर में स्थापित की जायेंगी। भविष्य में जैसे ही अग्रतर वाहिनियां स्थापित की जायेंगी वैसे ही सरकार द्वारा 03 से 05 वाहिनियों के एक समूह के लिए एक सेक्टर मुख्यालय स्थापित किया जायेगा। एक उप महानिरीक्षक रैंक का अधिकारी सेक्टर मुख्यालय का प्रभारी होगा। वाहिनियों की संख्या में वृद्धि के अनुरूप बल के मुख्यालय में अतिरिक्त पर्यवेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति करने का विनिश्चिय तत्समय सरकार द्वारा किया जायेगा।

पर्यवेक्षण अधिकारियों की नियुक्तियां और शक्तियां

8—(1) बल के पर्यवेक्षण के लिए राज्य सरकार बल के मुख्यालय में एक अपर बल महानिदेशक की नियुक्ति करेगी, जो विभागाध्यक्ष होगा। प्रथम चरण में, मुख्यालय में विभागाध्यक्ष की सहायता करने हेतु 01 पुलिस महानिरीक्षक, 01 पुलिस उप महानिरीक्षक, 02 पुलिस अधीक्षक और 04 पुलिस उपाधीक्षक होंगे। भविष्य में, नियम 5 के अधीन विहित उपबंधों के अध्यधीन, राज्य सरकार अतिरिक्त वाहिनियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के गठन के पश्चात, मुख्यालय तथा सेक्टर कार्यालयों के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक अधिकारियों की नियुक्ति कर सकती है।

(2) राज्य सरकार बल के प्रत्येक वाहिनी का पर्यवेक्षण करने हेतु वाहिनी मुख्यालय में एक पुलिस अधीक्षक /समादेष्टा की नियुक्ति कर सकती है, जो कार्यालयाध्यक्ष होगा तथा पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में उसकी सहायता करने के लिए 01 अपर पुलिस अधीक्षक /उप समादेष्टा की नियुक्ति कर सकती है, जो द्वितीय समादेष्टा अधिकारी (टू आई सी) होगा।

(3) वाहिनी स्तर पर प्रत्येक वाहिनी हेतु अन्य राजपत्रित पर्यवेक्षण अधिकारियों के रूप में 05 पुलिस उपाधीक्षकों/ सहायक समादेष्टाओं की नियुक्ति की जा सकती है।

राजपत्रित पर्यवेक्षण अधिकारियों के कर्तव्य

9—(क) **अपर बल महानिदेशक**

(1) अपर महानिदेशक, विभागाध्यक्ष होगा और वह बल की उच्च दक्षता, प्रशिक्षण, अनुशासन और मनोबल की स्थिति अनुरक्षित रखने के लिए उत्तरदायी होगा और वह उक्त प्रयोजनार्थ दौरों, निरीक्षणों द्वारा, अभिलेखों का परीक्षण करके, रिपोर्ट मंगा कर, प्रक्रिया निर्धारित कर, अनुदेश जारी करके और बल के प्रशासन से संबंधित समस्त मामलों में निदेश देकर ऐसे समस्त कदम उठायेगा जैसा कि वह आवश्यक समझे। वह विशिष्टतया पर्यवेक्षण अधिकारियों का मार्गदर्शन करेगा तथा उन्हें निदेश देगा और यह सुनिश्चित करना उसका कर्तव्य होगा कि प्रत्येक पर्यवेक्षण अधिकारी अपने प्रभार में बल की दक्षता और अनुशासन को उच्च स्तर पर अनुरक्षित रखे।

(2) अपर महानिदेशक, नियम 3 में उल्लिखित समस्त संस्थाओं/प्रतिष्ठानों के प्राधिकारियों, प्रमुख व्यक्तियों आदि के साथ समन्वय सुनिश्चित करेगा, जहां बल अभिनियोजित किया गया हो और बल के सम्बन्ध में वह प्रत्येक ऐसे उपक्रम, अधिष्ठान, व्यक्ति आदि की सुरक्षा प्रकरणों का समाधान और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करेगा। वह राज्य की पुलिस तथा अन्य प्राधिकारियों के साथ घनिष्ट सम्पर्क बनाये रखेगा जिससे कि ऐसे उपक्रम, अधिष्ठान, व्यक्ति आदि की संरक्षा और सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में राज्य पुलिस और बल के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

(3) वह अधिनियम की धारा 8 के अधीन संख्यांकित कर्तव्यों का सम्पादन करने के लिए बल के सदस्यों को इस नियमावली से संगत उत्तरदायित्वों को समनुदेशित करने के लिए स्थायी आदेश /पुस्तिकायें परिपत्र आदेश तथा अनुदेश आदि जारी करेगा।

(4) वह ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का निष्पादन करेगा, जिसे राज्य सरकार अथवा पुलिस महानिदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपा जाय।

(5) वह समस्त महत्वपूर्ण मामलों की सूचना से पुलिस महानिदेशक तथा राज्य सरकार को सम्यक् रूप से अवगत कराता रहेगा।

(ख) बल महानिरीक्षक

(1) महानिरीक्षक, अपर बल महानिदेशक के सहायक के रूप में कार्य करेगा।

(2) वह विभिन्न अभिनियोजन अवस्थानों का सघनता पूर्वक पर्यवेक्षण करेगा और उनकी दक्षता व कार्यकुशलता का संवर्धन करने हेतु समुचित उपाय करेगा।

(3) वह विभिन्न उपक्रमों, व्यक्तियों, अधिष्ठानों आदि में अभिनियोजित बल के प्रचालन और नियंत्रण हेतु सेक्टर उप महानिरीक्षकों को अनुदेश देगा।

(4) वह नियम-9 के अधीन उल्लिखित कर्तव्यों के निर्वहन में विभागाध्यक्ष की सहायता करेगा।

(5) वह बल मुख्यालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार क्षेत्रीय इकाईयों का निरीक्षण करेगा।

(6) वह समस्त वाहिनियों के क्षेत्रीय उप महानिरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण टिप्पणियों/ निरीक्षण रिपोर्टो की संवीक्षा करेगा और उसमें इंगित की गई कमियों के निराकरण के अनुपालन का अनुश्रवण करेगा।

(7) वह उप महानिरीक्षकों के दौरा, कार्यक्रमों, निरीक्षण टिप्पणियों /निरीक्षण रिपोर्टो और मासिक डायरियों की संवीक्षा और अनुमोदन करेगा।

(8) वह विभागीय जांच संबंधी मामलों का शीघ्रता पूर्वक निस्तारण किया जाना और न्यायालयीय मामलों का समयबद्ध अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित करेगा।

(9) वह ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का निष्पादन करेगा, जिसे पुलिस महानिदेशक अथवा अपर बल महानिदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपा जाय।

(ग) पुलिस उप महानिरीक्षक

(1) बल का समुचित पर्यवेक्षण करने के लिए राज्य को सेक्टरों में विभाजित किया जायेगा। उप महानिरीक्षक प्रत्येक सेक्टर का प्रभारी होगा।

(2) वह अपने प्रभार के बल में उच्च दक्षता, प्रशिक्षण, अनुशासन और मनोबल की स्थिति अनुरक्षित रखने के लिए उत्तरदायी होगा। इस प्रयोजन के लिए, वह अपने क्षेत्र, जहां बल तैनात किया गया हो, के उपक्रमों, अधिष्ठानों, कार्मिकों की सुरक्षा आदि का वर्ष में कम से कम दो बार निरीक्षण करेगा, और अपनी निरीक्षण टिप्पणी /निरीक्षण रिपोर्ट, बल की स्थिति और अपने प्रशासन का ब्यौरा देते हुये महानिरीक्षक को प्रेषित करेगा।

(3) उप महानिरीक्षक, समादेष्टाओं के लिए सदैव उपलब्ध रहेगा और उनकी सहायता करेगा, सलाह देगा और उन पर नियंत्रण रखेगा। वह अपने क्षेत्र जहां बल तैनात किया गया हो, के उपक्रमों, अधिष्ठानों, कार्मिकों की सुरक्षा आदि के प्राधिकारियों के साथ समन्वय रखेगा।

(4) वह ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का निष्पादन करेगा, जिसे अपर बल महानिदेशक और बल महानिरीक्षक द्वारा समय-समय पर सौंपा जाय।

(घ) समादेष्टा के कर्तव्य

(1) समादेष्टा वाहिनी का प्रधान होगा। वह वाहिनी की दक्षता, अनुशासन तथा मनोबल के लिए अपने अधीन बल की प्रत्येक शाखा के समुचित प्रबन्ध के लिए उत्तरदायी होगा। वह अपने समादेश के अधीन बल के वाहिनी का समय-समय पर निरीक्षण करेगा। अपने अधीन बल के लिए समस्त प्रशासनिक एवं अन्य आदेश उसकी ओर से निर्गमित किये जायेंगे और वह उनका अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करेगा।

(2) वह, पुलिस महानिदेशक, अपर बल महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा जारी किये गये समस्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करेगा।

(3) समादेष्टा, वाहिनी से बाहर तैनात बल की टुकड़ियों का नियमित रूप से निरीक्षण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वे उच्च दक्ष स्थिति में रहते हैं।

(4) वह यह सुनिश्चित करेगा कि उसके अधीन बल के समस्त सदस्य, कार्यक्रम के अनुसार बारी-बारी से परेड और पुनश्चर्या कार्यक्रम में उपस्थित रहें। मुख्यालय में हो तो उसे प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को परेड में उपस्थित होना होगा और प्रत्येक शुक्रवार को अर्दली कक्ष धारित करना होगा।

(5) समादेष्टा, उस उपक्रम, अधिष्ठान तथा व्यक्तिगत सुरक्षा, जिसके अन्तर्गत उसकी वाहिनी की टुकड़ी तैनात हो, की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। उस प्रयोजन के लिए वह जिला पुलिस प्राधिकारियों के साथ-साथ उपरोक्त उल्लिखित उपक्रम, अधिष्ठान, व्यक्तिगत सुरक्षा के सम्बन्धित प्राधिकारियों के साथ घनिष्ट सम्पर्क/ समन्वय रखेगा। वह, अपर बल महानिदेशक, महानिरीक्षक तथा उपमहानिरीक्षक को समस्त उद्घटनाओं से पूर्णतः अवगत कराता रहेगा और उन्हें विहित रूप में नियमित पाक्षिक रिपोर्ट प्रेषित करता रहेगा। तथापि अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों को शीघ्रतम सम्भव साधनों द्वारा उनके संज्ञान में लाया जायेगा। उसे आसूचना खण्ड की कार्यप्रणाली पर वैयक्तिक रूप से ध्यान देना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आसूचना, दक्षता पूर्वक संग्रहीत की जाय और उससे सम्बन्धित प्राधिकारियों तथा उप महानिरीक्षक को तत्परतापूर्वक अवगत कराया जाय।

(6) वह ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का निष्पादन करेगा, जिसे बल के विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौपा जाय।

(ड.) उप समादेष्टा के कर्तव्य-

(1) उप समादेष्टा वाहिनी का द्वितीय-समादेश अधिकारी (टू आई सी) होगा।

(2) वह, समादेष्टा के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के निर्वहन में समादेष्टा की सहायता करेगा; और जहाँ, उसे वाहिनी के प्रधान के रूप में रखा जाय वहाँ उसे समादेष्टा के समस्त कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा और उसे केवल उन्हीं वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करना होगा, जो उसे सुसंगत नियमों के अधीन प्रतिनिधानित की जायं।

(3) द्वितीय-समादेश के रूप में, उप समादेष्टा, वाहिनी के समादेष्टा के समस्त कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने के लिए उत्तरदायी होगा। वह अपने अधीन कार्मिकों की दक्षता, अनुशासन और मनोबल के लिए उत्तरदायी होगा और उसे सौंपे गये उपक्रम या उसके आंशिक भाग की सुरक्षा के लिये भी उत्तरदायी होगा।

(4) उसे ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का निष्पादन करना होगा जिसे समादेष्टा और बल के विभागाध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपा जाय।

(च) सहायक समादेष्टा के कर्तव्य

(1) सहायक समादेष्टा को वाहिनी के समादेष्टा और उप समादेष्टा की सहायता करनी होगी; और जब तक कि विनिर्दिष्ट रूप से प्रतिकूल निदेश न दिया जाय तब तक उसे समादेष्टा के कृत्यों का निष्पादन करना होगा, जब समादेष्टा द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाय। वह अपने अधीन कार्मिकों की दक्षता, अनुशासन और मनोबल के लिए उत्तरदायी होगा और उपक्रम, अधिष्ठान तथा व्यक्तिगत सुरक्षा से सम्बन्धित सौंपे गये कर्तव्यों के लिए भी उत्तरदायी होगा।

(2) उसे ऐसे किसी अन्य कर्तव्य का भी निष्पादन करना होगा जिसे समादेष्टा समय-समय पर सौंपे।

(छ) सैन्य सहायक के कर्तव्यः

1–सैन्य सहायक समादेष्टा का स्टाफ अधिकारी होगा तथा इस रूप में उसके द्वारा दिये गये समस्त आदेशों का अनुपालन उसी प्रकार किया जायेगा, मानों समादेष्टा द्वारा स्वयं दिये गये हों।

2–समादेष्टा के प्रशासनिक एवं प्रचालन सहायक के रूप में वह वाहिनी में अधीनस्थ अधिकारियों तथा अवर अधिकारियों में उच्चतम स्तर का अनुशासन, उपस्थिति नियमों और स्थायी आदेशों का अनुपालन, उनके कर्तव्यों का दक्ष एवं निष्पक्ष आवंटन अनुरक्षित करने हेतु उत्तरदायी होगा।

3–वह ऐसे समस्त अन्य कर्तव्यों का भी निष्पादन करेगा, जिन्हें समादेष्टा समय-समय पर सौंपे।

10–1. प्रतिनियुक्ति- बल के लिये भर्ती

(क) बल का गठन हो जाने पर प्रारम्भिक 03 वर्षों हेतु, बल में समस्त पदों को, विभागाध्यक्ष द्वारा विहित की गयी अर्हताओं/ सन्नियमों/ मानकों के आधार पर प्रादेशिक सशस्त्र रक्षीदल और नागरिक पुलिस के पात्र कार्मिकों को प्रतिनियुक्त करके, भरा जायेगा। बल की सम्पूर्ण महिला सदस्य मात्र प्रतिनियुक्ति से स्रोतित की जायेंगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष होगी जिसे अग्रतर अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

(ख) प्रथम सीधी भर्ती पर, सीधी भर्ती के माध्यम से सदस्यों की प्रतिनियुक्ति पर सदस्यों का अनुपात लगभग 70:30 स्तर तक, द्वितीय भर्ती के पश्चात् इसे लगभग 50:50 स्तर तक और तृतीय भर्ती के पश्चात् इसे लगभग 30:70 स्तर तक लाया जायेगा और उक्त 30:70 का अनुपात स्थायी रूप से तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि राज्य सरकार अन्यथा विनिश्चय न करे।

(ग) विशेष सुरक्षा बल में प्रतिनियुक्ति पर लिए गये सदस्यों को उनके मूल विभागों को निम्नलिखित रूप से संप्रत्यावर्तित कर दिया जायेगाः-

एक- नीचे उल्लिखित आयु प्राप्त कर लेने पर

(क) आरक्षी	40 वर्ष
(ख) मुख्य आरक्षी	42 वर्ष
(ग) उपनिरीक्षक/निरीक्षक	45 वर्ष

अथवा

दो- जब विभागाध्यक्ष का यह समाधान हो जाय कि प्रशासनिक आधार

पर ऐसा संप्रत्यावर्तन करना समीचीन है।

(घ) बल में प्रतिनियुक्ति के मानकों एवं प्रक्रिया का अवधारण, पुलिस महानिदेशक द्वारा लागू नियमों के अनुसार किया जायेगा।

2. **सीधी भर्ती-**

(क) ऐसे पुरूष अभ्यर्थी, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग न हों, आरक्षी एवं उपनिरीक्षक के पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे। नीचे अधिमानी अर्हताओं के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय, विशेष सुरक्षा बल में उपरोक्त पदों पर सीधी भर्ती उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित) तथा तत्समय प्रवृत्त प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के लिए लागू अन्य समस्त नियमों द्वारा शासित होगी।

(ख) **अधिमानी अर्हतायें-**

समस्त वांछित मानदण्डों के समान रहने पर सीधी भर्ती के ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा, जिनके पासः-

(एक) डीओईएसीसी/ एनआईईएलटी सोसायटी से कम्प्यूटर में 'ओ' स्तर का प्रमाण पत्र हो; या

(दो) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष तक सेवा की हो, या

(तीन) राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) का ''बी'' स्तर का प्रमाण-पत्र हो।

टिप्पणीः- उपर्युक्त उल्लिखित अधिमानी अर्हताओं के कोई अंक नहीं होंगे, किन्तु यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करें तो अधिमानी अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को चयन सूची में अधिमान प्रदान किया जाएगा।

बल के मुख्यालय/ विभिन्न कार्यालयों पर सहायक कर्मचारिवर्ग की नियुक्ति

11-(1) लिपिक वर्गीय शाखा, परिवहन शाखा, आरमोरर शाखा एवं पुलिस रेडियो शाखा के पद, उत्तर प्रदेश पुलिस/ प्रादेशिक सशस्त्र रक्षी दल के ''सामान्य संवर्ग पूल'' से स्थानान्तरण द्वारा भरे जायेंगे।

(2) चतुर्थ श्रेणी (समूह 'घ') के पद, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा, उत्तर प्रदेश पुलिस/ प्रादेशिक सशस्त्र रक्षी दल में समूह 'घ' की भर्ती हेतु प्रचलित नियमावली/ विनियमावली के अनुसार भरे जायेंगे ।

(3) चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट के पद, उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से स्थानान्तरण/ प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे।

पदोन्नति

12-बल में विभिन्न रैंकों के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए नियमावली वही होगी जैसाकि तत्समय उत्तर प्रदेश पुलिस/ प्रादेशिक सशस्त्र रक्षी दल में प्रचलित हो।

प्रशिक्षण

13-(1) चयनित अभ्यर्थियों से विहित प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने की अपेक्षा की जायेगी। प्राथमिक प्रशिक्षण अवधि 9 माह की होगी, जिसमें से आधारभूत प्रशिक्षण अवधि 06 माह की होगी तथा विशिष्ट प्रशिक्षण अवधि 03 माह की होगी। 03 माह की अवधि के विशिष्ट प्रशिक्षण में स्नाइपर, बी0डी0डी0एस0, ए0एस0चेक और कमाण्डो आदि के प्रशिक्षण सम्मिलित होंगे, जैसाकि प्रशिक्षण मुख्यालय द्वारा विभागाध्यक्ष के अनुरोध पर और उसके साथ समन्वय करके अवधारित किया जाय। यदि कोई चयनित अभ्यर्थी विहित समय-सीमा के भीतर प्रशिक्षण हेतु रिर्पोट नहीं करता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा।

(2) चयनित अभ्यर्थियों के पाठ्यक्रम और प्राथमिक प्रशिक्षण स्थल का निर्धारण, विभागाध्यक्ष के अनुरोध पर और उसके साथ समन्वय करके किया जायेगा।

(3) प्राथमिक प्रशिक्षण में असफल रहने वाले कैडेटों के लिए विभागाध्यक्ष अनुपूरक प्रशिक्षण देने के पश्चात् एक पुनः परीक्षा आयोजित करेगा। अनूपूरक प्रशिक्षण में असफल रहने वाले अभ्यर्थियों के मामले में, नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे अभ्यर्थियों की सेवायें समाप्त करने की कार्यवाहियां प्रारम्भ करेगा।

(4) पुनश्चर्या प्रशिक्षणः- प्राथमिक प्रशिक्षण के पश्चात् प्रत्येक 05 वर्ष पर 06 सप्ताह की अवधि का एक पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। वार्षिक चिकित्सा परीक्षण और वार्षिक फायरिंग अभ्यास कराया जायेगा।

फायरिंग परीक्षा में असफल रहने वालों को एक और अवसर दिया जायेगा किन्तु पुनः परीक्षा में असफल होने के फलस्वरूप उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां प्रारम्भ की जायेंगी।

(5) नियम 12 के अधीन पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थियों को विभागाध्यक्ष द्वारा विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करना होगा।

बल का अधीक्षण और प्रशासन

14-(1) बल का अधीक्षण पुलिस महानिदेशक में निहित होगा और बल का समादेश, पर्यवेक्षण तथा प्रशासन अपर बल महानिदेशक, में निहित होगा।

(2) यथा अधिसूचित स्थानीय सीमाओं के भीतर बल का प्रशासन इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा किया जायेगा और व्यक्ति (व्यक्तियों) के निकाय तथा/या राज्य सरकार द्वारा नाम, नामावली या श्रेणी द्वारा

अधिसूचित उसके आवासीय परिसर, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा लखनऊ, जिला न्यायालयों तथा राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित किसी अन्य न्यायालय, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रमों, धार्मिक स्थलों, प्रशासनिक परिसरों, मेट्रो, हवाई अड्डों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं, राज्य सरकार या अपर महानिदेशक द्वारा इस निमित्त दिये जाने वाले किसी निदेश के अधीन राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ इस रूप में अधिसूचित किन्हीं अन्य प्रतिष्ठानों या अधिष्ठानों की संरक्षा तथा सुरक्षा के प्रभार में रखे गये प्रत्येक पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(3) जिला पुलिस अधीक्षक को बल के पर्यवेक्षण अधिकारी के समन्वय में अपनी अधिकारिता के भीतर बल की कार्य प्रणाली का सामान्य पर्यवेक्षण करने की शक्ति होगी।

निजी अधिष्ठानों को सेवायें प्रदान करने हेतु बल का अभिनियोजन

15—(1) अधिनियम की धारा 7 के अधीन निजी अधिष्ठानों द्वारा सेवाएं प्राप्त किये जाने हेतु अनुरोध किये जाने पर अपर बल महानिदेशक को एक समिति गठित करनी होगी, जिसकी अध्यक्षता उप महानिरीक्षक की श्रेणी से अनिम्न अधिकारी द्वारा की जायेगी जो उक्त अनुरोध का परीक्षण करायेगा। अपर बल महानिदेशक अपनी स्पष्ट राय पुलिस महानिदेशक को अग्रसारित करेगा, जो उक्त रिर्पोट पर अन्तिम विनिश्चय करेगा।

(2) अभिनियोजित किये जाने वाले बल के लिए निजी औद्योगिक अधिष्ठानों या निजी क्षेत्र के अधिष्ठानों से वसूल की जाने वाली अनुमानित कुल लागत का अवधारण, निम्नलिखित आधार पर किया जायेगा :-

(क) आवर्ती व्यय

एक-वेतन और भत्ते
दो-वर्दी तथा उपस्करों पर वार्षिक व्यय
तीन-यात्रा भत्ते
चार-आकस्मिकता व्यय
पांच-पेंशन अभिदान
छः -अवकाश वेतन
सात-प्रशासनिक या पर्यवेक्षण प्रभार
आठ-सामूहिक बीमा
नौ-वार्षिक फायरिंग अभ्यास हेतु गोला बारूद पर व्यय
दस-अन्य छोटे मोटे व्यय
ग्यारह-यान, ईधन तेल, लुब्रीकेन्टस
बारह-कार्यालय व्यय
तेरह-चिकित्सा व्यय
चौदह-राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित संदेय कोई अन्य व्यय ।

(ख) अनावर्ती व्यय

एक-प्रशिक्षण व्यय
दो-वर्दी तथा उपस्करों पर व्यय
तीन-रैंक तथा मानकों के अनुसार अपेक्षित शस्त्र / गोला बारूद
चार-आवासीय/प्रशासनिक भवन।

(ग) प्रत्येक रैंक हेतु प्रभारित किये जाने वाले व्ययों की गणना वित्त नियंत्रक, पुलिस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा की जायेगी और अपर महानिदेशक, विशेष सुरक्षा बल द्वारा पुलिस महानिदेशक की संस्तुति प्राप्त करने के पश्चात् इसका अनुमोदन राज्य सरकार से प्राप्त किया जायेगा। प्रभारित किये जाने वाले व्ययों की गणना का पुनरीक्षण, प्रतिवर्ष एक अप्रैल को किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा यथा अनुमोदित प्रभारों के आधार पर ऐसे निजी प्रतिष्ठानों, जिन्हें उपनियम (1) के अधीन बल उपबंधित किया जायेगा, से यथा अवधारित धनराशि प्रभारित की जायेगी।

(घ) अपर बल महानिदेशक के लिए किसी वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षानुसार पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन से प्रतिपूर्ति प्रभारों को पुनरीक्षित करना विधि सम्मत होगा। प्रभारित किये जाने वाले ऐसे पुनरीक्षित व्यय प्रतिपूर्तियों का अनुमोदन, सरकार से प्राप्त किया जायेगा।

बल के सदस्यों के कर्तव्य

16—(1) अधिनियम की धारा 8 में उल्लिखित कर्तव्यों के अतिरिक्त बल के अधीनस्थ अधिकारियों तथा अन्य सदस्यों के कर्तव्य निम्नानुसार होंगे :-

(क) सूबेदार सैन्य सहायक, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक, शिविरपाल, सूबेदार शिविरपाल, उपनिरीक्षक, हवलदार, मुख्य आरक्षी, आरक्षी तथा लाइन पुलिस आदि के कर्तव्य निम्नानुसार होंगेः-

(एक) वे ऐसे कर्तव्यों का निष्पादन करेंगे जैसाकि विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जायेगा ;

(दो) वे अधिनियम की धारा 8 के अधीन संख्यांकित कर्तव्य करने के उद्देश्य से बल में उच्च स्तरीय वृत्तिक क्षमता, सक्षमता, सतर्क तत्परता , मानक वृत्तिक प्रक्रिया अनुपालन, अनुशासन, ज्ञान, कौशल तथा मनोवृत्ति को सुनिश्चित करेंगे ;

(तीन) वे पर्यवेक्षण अधिकारियों के निदेशानुसार समस्त कर्तव्य करेंगे।

(2) अन्य पदों, जो राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत या सृजित किये गये हों अथवा **समय-समय पर स्वीकृत या सृजित किये जा सकेंगे के लिए कर्तव्य, अपर बल महानिदेशक द्वारा किसी पृथक आदेश से समनुदेशित किये जायेंगे।**

विशेष प्रचालन टीमों के कर्तव्य

17–(1) प्रभारी परिसर सुरक्षा टीम :-

(क) निरीक्षक / उप निरीक्षक रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा, जो अपने अधीनस्थों के सहयोग से किसी आवासीय परिसर, मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा लखनऊ, जिला न्यायालय अथवा राज्य सरकार द्वारा उसकी सुरक्षा तथा संरक्षा हेतु अधिसूचित किसी अन्य परिसर की भू–गृहादि सम्बन्धी सुरक्षा के लिये उत्तरदायी होगा।

(ख) वह परिनिश्चित क्षेत्र की सुरक्षा हेतु सुरक्षा योजना के अनुसार एक मानक प्रचालन प्रक्रिया तैयार करेगा और उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कराकर मानक प्रचालन प्रक्रिया का कियान्वयन सुनिश्चित करेगा।

(ग) वह ड्यूटी स्थल पर एक ड्यूटी रजिस्टर तथा भू-गृहादि की सुरक्षा हेतु जांच रजिस्टर अनुरक्षित रखेगा और स्वयं प्रतिदिन रजिस्टर अवलोकित करेगा।

(घ) वह भू-गृहादि में प्रत्येक स्थल के लिए अभिकल्पित मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुरक्षित करेगा और समस्त मोर्चा डयूटियों तथा अन्य समुचित ड्यूटी स्थलों के लिए स्थायी आदेश किया जाना सुनिश्चित करेगा ।

(ङ) वह किसी आपात स्थिति में तत्काल मानक प्रचालन प्रक्रिया का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा और अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों को स्थिति के संम्बंध में तत्काल संदेश देना सुनिश्चित करेगा।

(च) टीम द्वारा संरक्षित भू-गृहादि में कोई अपराधिक घटना घटित होने की स्थिति में उसे विधि द्वारा स्थापित अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा और स्थिति पर नियंत्रण रखने हेतु अपना सर्वोत्तम प्रयास करना होगा तथा स्थानीय पुलिस थाना को तत्काल सूचित करना होगा।

(छ) वह अपनी टीम में अनुशासन तथा वृत्तिक सक्षमता के उच्च मानकों को अनुरक्षित हेतु उत्तरदायी होगा और समय-समय पर अपनी टीम को प्रशिक्षित करना, संक्षिप्तीकरण करना तथा स्थलीय माक ड्रिल करना व पूर्वाभ्यास करना सुनिश्चित करेगा।

(ज) वह समय- समय पर अपनी टीम के समस्त सदस्यों की ड्यूटियों की जांच किया जाना सुनिश्चित करेगा और ड्यूटी में लापरवाह पाये गये कार्मिकों के सम्बंध में रिर्पोट अपनी वाहिनी के प्रभारी राजपत्रित अधिकारी को तत्काल देगा ।

(2) प्रभारी व्यक्तिगत सुरक्षा टीम प्रभारी

(क) निरीक्षक/ उप निरीक्षक रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा जो अपने अधीन वैयक्तिक सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगा कि व्यक्तिगत सुरक्षा ऐसे व्यक्तियों जो श्रेणीकृत सुरक्षा के अन्तर्गत उच्च पदस्थ व्यक्तियों के रूप में अधिसूचित हों, को अथवा ऐसे किसी अन्य व्यक्ति जिसे राज्य सरकार या सक्षम न्यायालय के निदेशों के अनुसार सुरक्षा दी जानी हो, को प्रदान की जाय ;

(ख) वह समय-समय पर अपनी टीम के समस्त सदस्यों की ड्यूटियों की जांच किया जाना सुनिश्चित करेगा और ड्यूटी में लापरवाह पाये गये कर्मियों के सम्बंध में रिपोर्ट अपनी वाहिनी के प्रभारी राजपत्रित अधिकारी को तत्काल देगा;

(ग) वह अपनी टीम के अनुशासन तथा वृत्तिक सक्षमता के उच्च मानकों को अनुरक्षित रखने हेतु उत्तरदायी होगा और समय-समय पर अपनी टीम को प्रशिक्षित करना, संक्षिप्तीकरण करना , स्थलीय माक ड्रिल करना तथा पूर्वाभ्यास करना सुनिश्चित करेगा;

(घ) वह, संरक्षित उच्चपदस्थ व्यक्तियों के जीवन की खतरा सम्बंधी आशंका को **दृष्टिगत** रखते हुये अपनी टीम तैयार करेगा और समस्त प्रतिकूल परिस्थितियों में कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए अपने टीम सदस्यों के मध्य सक्षमता विकसित करेगा।

(3) **प्रभारी क्विक रिस्पान्स टीम**

(क) निरीक्षक/ उप निरीक्षक रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा जो अपनी टीम के साथ किसी आपात स्थिति यथा आतंकी हमला/ कानून-व्यवस्था की समस्या अथवा किसी अन्य आपात स्थिति में वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी द्वारा किसी विनिर्दिष्ट स्थान पर पहुंचने का आदेश दिये जाने पर ऐसे स्थान पर पहुंचकर तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अग्रतर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करेगा;

(ख) वह यह सुनिश्चित करेगा कि किसी प्रचालन के दौरान उसकी टीम के सभी सदस्य वर्दी में रहेंगे और उन्हें समस्त उपस्करों तथा आयुधों से सुसज्जित

होना चाहिए और पूर्णतः तैयार होना चाहिए और उन्हें किसी आपात स्थिति के कारण उत्पन्न होने वाली स्थितियों का सामना करने हेतु विहित रूपों में सामरिक दृष्टि से जवाब देना चाहिए;

(ग) वह अपनी टीम में अनुशासन तथा वृत्तिक सक्षमता के उच्च मानकों को अनुरक्षित रखने हेतु उत्तरदायी होगा और समय- समय पर अपनी टीम को प्रशिक्षित करना, संक्षिप्तीकरण करना, स्थलीय माक ड्रिल करना तथा पूर्वाभ्यास करना सुनिश्चित करेगा;

(घ) वह सम्भावित खतरों का जवाब देने हेतु मानक प्रचालन प्रक्रियाओं के अनुसार अपनी टीम को तैयार रखेगा और तदनुसार सभी प्रकार की प्रतिकूल स्थितियों का सामना करने हेतु टीम सदस्यों के मध्य वृत्तिक कौशल विकसित करेगा।

(4) डाग स्क्वाड सहित प्रभारी बम डिटेक्शन एण्ड डिस्पोजल स्क्वाड (बी0डी0डी0एस0) :-

(क) निरीक्षक/ उप निरीक्षक रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा जो वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी के निदेश के अनुसार किसी विस्फोटक पदार्थ के विद्यमान होने की संभाव्यता की मानक प्रक्रिया के अनुसार अपनी टीम द्वारा किसी विनिर्दिष्ट स्थान की जाँच कराना सुनिश्चित करेगा और यदि कोई विस्फोटक पदार्थ पाया जाता है तो वह उसे निष्क्रिय करने की कार्यवाहियाँ करेगा;

(ख) वह डाग स्कवायड का भी प्रभारी होगा और प्रशिक्षित श्वान/श्वानों से किसी विनिर्दिष्ट स्थान की मानक जांच कराना सुनिश्चित करेगा ;

(ग) बी0डी0डी0एस0 टीम अपने प्रभारी के निदेश के अधीन कार्य करेगी और उक्त टीम ऐसे समस्त आदेशों तथा अनुदेशों का अनुपालन करेगी जो वाहिनी के समादेष्टा अथवा उनके किसी अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रचालन ड्यूटी हेतु दिये जायं;

(घ) विनिर्दिष्ट स्थान की जाँच के पश्चात प्रभारी बी0डी0डी0एस0 टीम उक्त स्थान को सुरक्षित स्थान के रूप में घोषित करेगा और विहित प्रक्रिया के अनुसार उक्त स्थान का प्रभार, प्रभारी सुरक्षा अधिकारी को सौंप देगी तथा किसी पृथक आदेश के माध्यम से अपर बल महानिदेशक द्वारा जारी विहित प्रारूप में ड्यूटी स्थल प्रभारी राजपत्रित अधिकारी को जाँच का विवरण प्रदान करेगी;

(ङ) वह अपनी टीम में अनुशासन तथा वृत्तिक सक्षमता के उच्च मानकों को अनुरक्षित रखने हेतु उत्तरदायी होगा तथा समय-समय पर अपनी टीम को प्रशिक्षित करना, संक्षिप्तीकरण करना तथा स्थलीय माक ड्रिल करना व पूर्वाभ्यास कराना सुनिश्चित करेगा।

(5) प्रभारी एण्टी सेबोटाज (ए0एस0) चेक टीम

(क) निरीक्षक/ उप निरीक्षक / मुख्य आरक्षी रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा जो वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी के निदेश के अनुसार किसी अवांछनीय वस्तु/ पदार्थ के विद्यमान होने की संभाव्यता की मानक प्रक्रिया के अनुसार अपनी टीम द्वारा किसी विनिर्दिष्ट स्थान की अग्रिम सुरक्षा जाँच कराना सुनिश्चित करेगी;

(ख) ए0एस0 चेक टीम अपनी वाहिनी के प्रभारी के निदेश के अधीन अपना कर्तव्य सम्पादित करेगी और विशिष्टीकृत प्रचालनात्मक कर्तव्य के लिये ऐसे समस्त निदेशों/ अनुदेशों का अनुपालन करेगी जो वाहिनी के समादेष्टा अथवा उसके अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी किये जायेंगे;

(ग) विनिर्दिष्ट स्थान की जाँच के पश्चात टीम प्रभारी उक्त स्थान को सुरक्षित घोषित कर सम्बंधित ड्यूटी अधिकारी को उक्त स्थान/ अवस्थान सौंप देगा और एक पृथक आदेश के माध्यम से अपर बल महानिदेशक द्वारा जारी विहित प्रारूप पर ड्यूटी स्थल प्रभारी राजपत्रित अधिकारी को जाँच का विवरण देगा;

(घ) वह अपनी टीम में अनुशासन तथा वृत्तिक सक्षमता के उच्च मानकों को अनुरक्षित रखने के लिये उत्तरदायी होगा और समय-समय पर अपनी टीम को प्रशिक्षित करना, **संक्षिप्तीकरण** करना, स्थलीय माक ड्रिल तथा पूर्वाभ्यास कराना सुनिश्चित करेगा।

(6) प्रभारी स्नाईपर टीम

(क) निरीक्षक/ उप निरीक्षक रैंक का एक ऐसा अधिकारी होगा जो अपने निदे के पदाधिकारियों उच्चश के अनुसार अपने स्नाईपर टीम द्वारा विनिर्दिष्ट कर्तव्यों का निष्पादन कराया जाना तत्काल सुनिश्चित करेगा;

(ख) उसकी टीम में स्नाईपर होंगे जो सुप्रशिक्षित शार्प शूटर होंगे। उक्त टीम, वाहिनी के समादेष्टा द्वारा विनिर्दिष्ट स्थान के सम्बंध में रिपोर्ट सम्बंधित ड्यूटी प्रभारी राजपत्रित अधिकारी को देगी और सुरक्षा पहलुओं से सम्बंधित समस्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करेगी।

बल के सदस्यों की शक्तियां

18– बल में नियुक्त किये जाने और बल का सदस्य बने रहने के समय तक बल का प्रत्येक सदस्य पुलिस अधिकारी समझा जायेगा और वह ऐसी शर्तों, निर्बधनों तथा सीमाओं के अध्यधीन होगा जैसाकि विहित किया जाये, और उसके पास ऐसी समस्त शक्तियां, विशेष शक्तियां, उत्तरदायित्व अवरोध, दण्ड तथा संरक्षण होंगे तथा वह उनसे शासित होगा जैसाकि पुलिस अधिनियम, 1861 या तत्समय प्रवृत्त ऐसी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा **तद्धीन** बनायी गयी किसी नियमावली या विनियमावली के अधीन नियुक्त पुलिस अधिकारियों के लिये लागू हों किन्तु ऐसी शर्ते, निर्बंधन तथा सीमायें उक्त अधिनियम के अधीन कृत आदेशों के प्रतिकूल न हों।

गिरफ्तारी की प्रक्रिया

19–(1) गिरफ्तारी किये जाने में, अधिनियम की धारा **10** के अधीन :-

(एक) बल का सदस्य, गिरफ्तार किये जाने वाले व्यक्ति के वस्तुत: शरीर को स्पर्श करेगा या परिरुद्ध करेगा।

(दो) यदि ऐसा व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी का प्रयास किये जाने में बलपूर्वक प्रतिरोध करता है या गिरफ्तारी से बचने का प्रयत्न करता है तो बल का सदस्य, गिरफ्तारी को प्रभावी करने के लिए आवश्यक समस्त साधनों का उपयोग कर सकता है। बल प्रयोग किये जाने की दशा में उस विशिष्ट अवस्थिति में उसका न्यूनतम अपेक्षित प्रयोग किया जाना चाहिए।

(तीन) गिरफ्तार किये गये व्यक्ति पर उसके बचकर भागने से रोकने की आवश्यकता से अधिक अवरोध नहीं किया जायेगा।

(चार) गिरफ्तारी करने वाला बल का सदस्य ऐसे व्यक्ति की तलाशी कर सकता है और सभी वस्तुओं को सुरक्षित अभिरक्षा में रख सकता है जिनके अन्तर्गत उसके पास पाये गये पहनने के आवश्यक वस्त्रों से भिन्न हथियार, यदि कोई हों सम्मिलित हैं। ऐसी समस्त वस्तुओं की एक सूची, कम से कम दो प्रतिष्ठित साक्षियों की उपस्थिति में और गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की उपस्थिति में तैयार की जायेगी और साक्षियों तथा तलाशी करने वाले व्यक्ति द्वारा सम्यक रूप में हस्ताक्षरित सूची की एक प्रति, उसकी प्राप्ति की रसीद तथा उसकी प्रतिलिपि प्राप्त करने के पश्चात् इस प्रकार गिरफ्तार किए गये व्यक्ति को दी जायेगी।

(पांच) इस प्रकार गिरफ्तार किए गए व्यक्ति और साथ ही साथ अभिग्रहण की गयी वस्तुओं और उनकी सूची को पुलिस अधिकारी या निकटतम पुलिस थाने को समय, दिनांक तथा गिरफ्तारी के कारणों को उल्लिखित करते हुए एक संक्षिप्त टिप्पणी के साथ सौंप दिया जायेगा।

तलाशी की प्रक्रिया

20–जब कभी अधिनियम की धारा 11 के अधीन किसी व्यक्ति और उसके सामानों की तलाशी ली जायेगी तब दो सम्मानजनक साक्षियों की उपस्थिति में एक सूची तैयार की जायेगी और उक्त साक्षीगण तथा तलाशी करने वाले व्यक्ति द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित प्रति, सम्बन्धित व्यक्ति को सम्यक रसीद प्राप्त करने के बाद दी जायेगी। ऐसी तलाशी पर इस प्रकार पायी गयी सम्पत्ति भी उक्त व्यक्ति के साथ पुलिस को प्रेषित की जायेगी। यदि ऐसी तलाशी पर कुछ भी प्राप्त नहीं होता है तो सम्यक रूप से हस्ताक्षरित एक शून्य सूचीगत विवरण उक्त व्यक्ति के साथ पुलिस को प्रेषित किया जायेगा।

सेवा की निबन्धन एवं शर्तें

21–(1) बल के अराजपत्रित अधिकारियों और कार्मिकों के **विरूद्ध** अनुशासनात्मक कार्यवाही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली, 1991 (यथा संशोधित) और संयुक्त प्रान्तीय प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी ऐक्ट 1948 के अनुसार की जायेगी।

(2) नियम 5 के उपनियम (2) के खण्ड (क) में परिभाषित कार्यकारी बल के ऐसे सदस्यों, जो उक्त बल में सीधी भर्ती किये गये हैं अथवा ऐसे सदस्यों से अराजपत्रित रैंको पर प्रोन्नत हुए हैं, से एक पृथक संवर्ग सृजित किया जायेगा जिसे उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल संवर्ग के रूप में जाना जायेगा। इस संवर्ग के निरीक्षक, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी और समकक्ष रैंको पर तैनात कार्मिक सरकार द्वारा गठित बल में वाहिनी स्तर, सेक्टर स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर गठित अधिष्ठान बोर्डों के आदेशों द्वारा बल के अन्तर्गत एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित या तैनात किये जा सकते हैं।

(3) जब सरकार की यह राय हो कि नियुक्त कार्मिक की सेवा शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के क्रियान्वयन में किसी विशिष्ट मामले में कोई कठिनाई उत्पन्न हो गयी है तब वह ऐसे मामले में नियमावली पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और नियम की सीमाओं तथा शर्तो के अनुरूप ऐसा अधित्यजन या शिथिलीकरण प्रदान कर सकती है जैसा कि न्यायसंगत तथा साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने हेतु अपेक्षित हो।

स्थायी आदेश आदि जारी करने की शक्ति

22–इस नियमावली द्वारा प्रदत्त शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रचालनात्मक एवं सामरिक आवश्यकताओं, प्रशासनिक सुगमता, कार्य कुशलता तथा दक्षता संवर्द्धन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन से अपर बल महानिदेशक स्थायी आदेश या पुस्तिका जारी कर सकता है।

बल हेतु वर्दी,

23–इस नियमावली के अधीन प्रदान की गयी पूर्वोक्त शक्तियों की परिधि पर

यान/गाड़ी, शस्त्र और गोला-बारूद, उपस्कर

प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आयुधों, साज-सज्जों, वस्त्रों तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवश्यकता का उपबंध निम्नानुसार किया जायेगाः-

(1) वर्दी-

(क) बल के सदस्यों द्वारा धारण की जाने वाली वर्दी की सामान्य विशेषतायें वही होंगी जैसाकि परिशिष्ट-01 में उल्लिखित हैं जबकि बल के प्रतीक /प्रतीक चिन्ह का सामान्य प्रारूप वही होगा जैसा कि परिशिष्ट-2 में दिया गया है और दाहिनी भुजा पर लगाया जाने वाला गठन चिन्ह वही होगा जैसाकि परिशिष्ट-03 में विहित है।

(ख) उपरोक्त वर्दी के सम्बन्ध में, बल का अपर महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन पर, कपडे की तकनीकी विषेशताओं, वर्दी का अभिकल्प, सिलाई के अनुदेश, पहनावे की रीति, ऋतुओं के अनुसार परिवर्तनों आदि का विवरण प्रदान करते हुए, और प्रतीक चिन्ह तथा गठन चिन्ह के सम्बन्ध में आयाम और अन्य मापों रंग संगति, अभिकल्पों, बनाने की विधियों, आधारभूत सामग्रियों और धारण करने की रीतियों आदि का विवरण प्रदान करते हुए एक विस्तृत स्थायी आदेश /पुस्तिका जारी करेगा।

(ग) पुलिस महानिदेशक बल के सदस्यों द्वारा धारण की जाने वाली वर्दी में संशोधन करने हेतु सक्षम प्राधिकारी होगा।

(घ) सरकार द्वारा यथा विहित अलंकरणों के अतिरिक्त, पुलिस महानिदेशक बल के सदस्यों द्वारा धारण किये जाने वाले अलंकरणों यथा-विशिष्टीकृत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किये जाने पर, विहित पुनश्चर्या प्रक्रम आदि पूर्ण किये जाने पर, विशिष्ट कर्तव्यों आदि का सम्पादन किये जाने पर और विशिष्टीकृत टीमों के प्रतीकों का चिन्हांकन किये जाने पर भिन्न भिन्न रिबनों (प्रतीकों) का अवधारण करेगा और बल के सदस्य इन अलंकरणों/प्रतीकों को यथा विहित रूप में वर्दी पर धारण करेंगे।

(ड.) बल के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा धारण की जाने वाली वर्दी निम्नवत् होगी:-

(एक) उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रचलित क्रियाशील वर्दी ;

(दो) विशेष सुरक्षा बल हेतु विहित वर्दी ;

(च) बल के अराजपत्रित अधिकारियों द्वारा धारण की जाने वाली वर्दी निम्नवत् होगी:-

(एक) परिसर/भू-गृहादि सुरक्षा टीमों, क्यू आर टीमों, प्रशिक्षण रिजर्व टीमों, वाहिनी ड्यूटियों, एम0टी0 सेक्शनों, स्नाईपर्स तथा व्यक्तिगत सुरक्षा टीमों में ड्यूटी करने वाले समस्त सदस्य खाकी आधार वाले डिस्रप्टिव पैटर्न की सामग्री से विशेष रूप से अभिकल्पित वर्दी (डिजर्ट डिजिटल कैम्पलाग) धारण करेंगे। उक्त पद्धति का एक नमूना, विभागाध्यक्ष द्वारा सुरक्षित रूप से परिरक्षित रखा जायेगा। इस वर्दी के भाग स्वरूप एक काली/डी पी एम रंगवाली टोपी/बैरेट टोपी होगी जिस पर यू0पी0एस0एस0एफ0 का चिन्ह /प्रतीक कढ़ा होगा, धारण की जायेगी। इकाई समादेष्टा को यह सुनिश्चित करना होगा कि अधीनस्थ बल एक समय में एक ही तरह की टोपी धारण करे। डिसरप्टिव पैटर्न मैटेरियल की बनी शर्ट और पतलून टक-इन अवस्था में धारण किये जायेंगे और काली वेब बेल्ट द्वारा कसे रहेंगे। वर्दी की पेटी काले रंग की होगी तथा उसमें यथा विहित सीटी लगी होगी। बल के सदस्यगण पूर्वोक्त वर्दी के साथ सामरिक काले जूते और काले मोजे धारण करेंगे। शर्ट की **बाँयी** भुजा पर उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रचलित पहचान चिन्ह धारण किया जायेगा। शर्ट के दाहिने पाकेट के ऊपर कपड़े की काली **पट्टिका** पर सफेद रंग से कढ़ी हुयी नाम **पट्टिका** शर्ट से सिली हुयी धारण की जायेगी। विशेष सुरक्षा बल के सभी सदस्य दाहिनी भुजा पर बल का गठन चिन्ह सिली हुयी रीति में धारण करेंगे और टीम का पहचान चिन्ह दाहिनी जेब पर सिली हुयी

रीति में धारण करेंगे, सदस्यगण दोनों भुजाओं पर ऊपर की तरफ 'वाहिनी पहचान **पट्टिका** उदाहरणार्थ *II BN* सिली हुयी धारण करेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत रूप से स्थायी आदेश विभागाध्यक्ष द्वारा जारी किया जायेगा। कन्धों पर धारण किये जाने वाले रैंक बैजेज़ कढ़ाईयुक्त होंगे; किसी धातु के बैजेज़/ अलंकरण फील्ड ड्यूटी के दौरान धारण नहीं किये जायेंगे। कन्धों पर उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रचलित बिल्ला (क्रेस्ट) (एम ओ आई जेड ओ आई क्यू ओ ½) धारण किया जायेगा। वर्दी के शर्ट एवं पतलून में प्रचालनात्मक सुविधा हेतु बटन के साथ 'वेल्क्रो टेप' उपबन्धित किये जायेंगे।

अन्य अलंकरण यथा- पदक, प्रशंसा चिन्ह, प्रशिक्षण पदक/रिबन, तैनाती रिबन इत्यादि यथाविहित रूप में शर्ट की **बाँयी** अथवा दाहिनी जेब पर धारण किये जायेंगे।

(दो) उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल में तैनात बी0डी0डी0एस0 मय डाग **स्कवायड** टीम तथा ए0एस0 चेक टीम के सदस्य ग्रीष्मकालीन ऋतु में आधी बांह की ग्रे-ब्लैक रंग की प्लेन (Pantone 18-4005 TCX) सफारी ड्रेस धारण करेंगे तथा शीतकालीन ऋतु में उसी रंग की प्लेन कपड़े की पैन्ट व पूरी बांह की शर्ट व ब्लेज़र धारण करेंगे।

(छ) विभागाध्यक्ष विशेष सुरक्षा बल का झण्डा पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन से अवधारित करके एक स्थायी आदेश जारी करेगा।

(2) **यान/गाड़ी**

पुलिस महानिदेशक या अपर बल महानिदेशक बल की आवश्यकताओं के अनुरूप अपेक्षित यानों/गाडियों की संख्या एवं प्रकार का समय-समय पर अवधारण करेगा और **इन्हें** राज्य सरकार के अनुमोदन से बेड़े में सम्मिलित किया जायेगा।

(3) **आयुध और गोला-बारूद**

पुलिस महानिदेशक या अपर महानिदेशक, विशेष सुरक्षा बल, **बढ़ती** हुई सुरक्षा चुनौतियों और बल की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक तथा प्रौद्योगिकीय रूप से, उन्नत आयुधों की मात्रा तथा प्रकार का समय-समय पर अवधारण करेगा और इन्हें सरकार के अनुमोदन से बल में संस्थापित किया जायेगा।

(4) **उपस्कार**

पुलिस महानिदेशक या अपर महानिदेशक, विशेष सुरक्षा बल, बढ़ती हुई सुरक्षा चुनौतियों और बल की अपेक्षाओं के अनुरूप अत्याधुनिक **उपस्करों** की संख्या तथा प्रकार का समय-समय पर अवधारण करेगा और यह कि **इन्हें** राज्य सरकार के अनुमोदन से बल में सम्मिलित किया जायेगा।

बल की जनशक्ति में वृद्धि

24—अधिनियम की धारा 9 के अधीन बल के वास्तविक अभिनियोजन के दौरान या अन्यथा, पुलिस महानिदेशक का यह समाधान हो जाने पर कि बल की सदस्य संख्या में तत्समय अतिरिक्त जनशक्ति का बढ़ाया जाना **आवश्यक** है तो वह ऐसी बल की जनशक्ति में **वृद्धि** करने के लिए प्रादेशिक सशस्त्र रक्षी दल और / अथवा नागरिक पुलिस से ऐसी संख्या में तथा ऐसी समयावधि के लिए, बल में अभिनियोजित किये जाने के लिए अनुमोदन प्रदान कर सकता है जैसा कि वह आदेश दे।

व्यावृत्ति

25—इस नियमावली में किसी बात का प्रभाव, ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर **नहीं** पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अधिनियमों और आदेशों के माध्यम से अनुसूचित जातियों, **अनुसूचित** जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध किया जाना वांछित हो।

अध्यारोही खण्ड

26—सरकार द्वारा बनाई गई किसी अन्य नियमावली या जारी किये गये शासनादेशों या प्रशासनिक अनुदेशों में किसी बात के प्रतिकूल होते हुये भी, इस

नियमावली के अधीन उपबंध अभिभावी होंगे।

आज्ञा से,
अवनीश कुमार अवस्थी,
अपर मुख्य सचिव।

परिशिष्ट - 01
(नियम 23 देखिये)

1-यू0पी0 एस0एस0एफ0 हेतु वर्दी

क- राजपत्रित अधिकारी-

(एक) उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रचलित क्रियाशील वर्दी

(दो) विशेष सुरक्षा बल हेतु विहित वर्दी

ख- अराजपत्रित अधिकारी/ कार्मिक -विशेष सुरक्षा बल हेतु विहित वर्दी

विशेष सुरक्षा बल हेतु विहित वर्दी

क्र0सं0	वर्दी	धारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी
1	डी0पी0एम0 वर्दी (Disruptive Pattern Material)	1—परिसर सुरक्षा टीम 2—क्यू0आर0 टीम 3—प्रशिक्षण **रिजर्व** टीम 4—वाहिनी ड्यूटी 5—एम0टी0 सेक्शन 6—स्नाइपर्स 7—व्यक्तिगत सुरक्षा टीम
2	सादा परिधान क- ग्रीष्मकालीन-हाफ बांह की सफारी ख- शीतकालीन-पैण्ट शर्ट व ब्लेजर (उ0प्र0पु0 में प्रचलित)	1-बीडीडीएस मय डाग स्क्वायड टीम 2-ए0एस0 चेक टीम

2—वर्दी का प्रस्तावित पैटर्न

1- खाकी आधारित डीपीएम वर्दी- (Disruptive Pattern Material)
2- टोपी-फोरेज कैप/ बेरेट कैप (Headgear)
3- सामरिक शर्ट (Tactical Shirt)
4- बेल्ट (Belt)
5- सामरिक पतलून (Tactical Pants)
6- सामरिक काले जूते /मोजे (Tactical Shoes /Socks-Black)
7- दस्ताने (Gloves)
8- मोजे (Socks)
9- मौसमी ओवर कोट (Seasonal Over coat)
10-गीयर पैक (Gear Pack)
11-दंगा रोधी गियर (Anti Riot Gear)

3—यूनिफार्म के अटैचमेन्ट

- वर्दी के खुलने/बन्द होने वाले स्थानों पर वेलक्रो
- वर्दी में UPSSF का इन्ब्रायडर्ड बैज
- वर्दी में UP POLICE का इन्ब्रायडर्ड फार्मेशन साइन
- इन्ब्रायर्ड फोरेज/बेरेट ब्लैक कैप

- वेब बेल्ट (ब्लैक)

परिशिष्ट- 01
शर्ट का तकनीकी आरेखण



B1	उ.प्र. पुलिस प्रतीक चिन्ह
B2	वाहिनी आईडी
B3	उ.प्र. एस . एस . एफ प्रतीक चिन्ह
B4	टीम आईडी
B5	रिबन
B6	नाम पट्टिका

वस्त्र की माप का चार्ट (सेमी मे)

SIZE		M	L	XL	2XL
BACK LENGTH	(A)	73	75	77	80
CHEST 1/2	(B)	54	56	60	62
SHOULDER	(C)	48	50	52	54
SLEEVE LENGTH	(D)	61	61	62	63

पॉकेट की माप का चार्ट (सेमी मे)

CHEST PKT	(i)	14x15	FLAP	14.5x6
SIDE CROSS PKT	(iii)	20x33		
BACK PKT	(iv)	15x16	FLAP	15.5x6
KNFE PKT	(v)	16x17	FLAP	16.5x6

परिशिष्ट–01

ट्राउजर का तकनीकी रेखा चित्र



वस्त्र माप चार्ट (से0मी0 में)

LENGTH + BELT	(E)	108	111	112	113
INSEAM	(F)	77	78	78	79
WAIST 1/2	(G)	40	43.50	46	48.50
THIGH 1/2	(H)	33	34	35	35

पॉकेट माप चार्ट (से0मी0 में)

CHEST PKT	(i)	14x15	FLAP		14.5X6
LOWER WAIST PKT	(ii)	16x17	FLAP		16.5X6
SIDE CROSS PKT	(iii)	20x33			
Back Concealed Pkt	(iv)	15x16			
KNEE PKT	(v)	16x17	FLAP		16.5X6
NAME PATCH	(vi)	2.5x10			

परिशिष्ट- 02

उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल हेतु प्रतीक चिन्ह (Insignia)

परिशिष्ट-03

(नियम 23 देखिए)

उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल हेतु गठन चिन्ह (Formation sign)

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 402 P/vi-pu-6-2021-02 Vividh-2020, dated March 26, 2021:

No.402 P/vi-pu-6-2021-02Vividh- 2020
Dated Lucknow, *March* 26, 2021

IN exercise of the powers conferred by section 17 of the Uttar Pradesh Special Security Force Act, 2020 (U.P. Act no. 27 of 2020)**,** the Governor is pleased to make the following rules for the purpose of regulating the constitution, appointments, recruitments, superintendence, administration, deployment, powers of the members, etc. of the Uttar Pradesh Special Security Force, namely:-

UTTAR PRADESH SPECIAL SECURITY FORCE RULES, 2021

Short title, extent and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Special Security Force Rules, 2021.

(2) They shall be extend in whole of the State of Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force on the date of their publication in the *Gazette*.

Definitions

2. In these rules, unless the context otherwise requires -

(1) (a)"**Act**" means the Uttar Pradesh Special Security Force Act, 2020;

(b) "**Additional Director General of Police"**, "Inspector General of Police", "Deputy Inspector General of Police", "Superintendant of Police"/"Commandant", "Additional Superintendant of Police"/ "Deputy Commandant", "Deputy Superintendant of Police"/ "Assistant Commandant" means **p**olice officers appointed by the Government to Headquarters, Sector offices and Battalions of Uttar Pradesh Special Security Force;

(c) "**Appointing Authority**" in matters of Inspectors and Sub-Inspectors means the Deputy Inspector General of Police and in the matters of Head Constables, Constables and Class Four(Group 'D') Superintendant of Police or Commandant, as the case may be;

(d) "**Citizen of India**" means a person who is or deemed to be citizen of India under **P**art-II of the Constitution of India;

(e) "**Director General of Police**" means the person appointed as the Director General of Police by the State Government as the head of the Uttar Pradesh Police Force;

(f) "**Establishment**" means building, premises or campus being used in connection with the affairs of any organization serving educational, commercial, recreational purposes;

(g) "**Force**" means the Uttar Pradesh Special Security Force constituted under section 3 of the Act;

(h) " **Government**" means the Government of Uttar Pradesh;

(i) "**Governor**" means the Governor of State of Uttar Pradesh;

(j) "**Head of the Department**" means the officer appointed as the Head of Uttar Pradesh Special Security Force by the Government;

(k) "**Headquarters of UP Special Security Force**" means a headquarter functioning under the Director General of Police or Additional Director General of Police, Uttar Pradesh Special Security Force, as the case may be;

(l) "**Industrial Undertaking**" means any undertaking as notified by the State Government pertaining to a scheduled industry [as defined in section 3 of the Industries (Development and Regulation Act, 1951)] and includes an undertaking engaged in any other industry, or in any trade, business or service which may be regulated by Parliament or State Legislature by law;

(m) "**Installation**" means any statue, monument, building, premises or campus being used in connection with the affairs of any organization including offices, associated buildings, residential area and property of that organization in that premises or campus;

(n) "**Member of the Force**" means a person appointed to the Force;

(o) "**Private**" means an installation **or** establishment controlled or managed by a person other than Central or State Government or their agencies;

(p) "**Selection Committee**" means a selection committee appointed by UP Recruitment and Promotion Board for selection of candidates for appointments to any post in the service;

(q) "**Subordinate Officer**" means a person appointed to the Force on the rank of Inspector or a Sub-Inspector ;

